प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
नियोजन विभाग
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पत्रांकः 5/7–243/ज0नि0प्र0/2015 दिनांकः 10 फरवरी, 2015

विषयः केन्द्र पोषित 05 विकास योजनाओं के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों के डाटाबेस का डिजिटाइजेशन तथा आधार संख्या लिंकेज के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत ही हैं कि केन्द्र पोषित 05 विकास योजनाओं यथा– महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना (मनरेगा), पेंशन योजनायें (वृद्धावस्था/विकलांग/विधवा), दशमोत्तर छात्रवृत्तियाँ (एस0सी0/एस0टी0/अल्पसंख्यक), पी0डी0एस0 राशनकार्ड धारक तथा एल0पी0जी0 उपभोक्ता जो सब्सिडी कनेक्शन वाले हैं, के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के विवरण का डिजिटाइजेशन एवं उनके बैंक खातों से आधार लिंकेज का कार्य मार्च, 2015 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त कार्य को समयबद्ध एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु यू0आई0डी0ए0आई0 द्वारा पत्र संख्याः ए–11016/6/2010/(आई/ए रजिस्ट्रार)/यू0पी0/यूआईडीएआई/एलकेओ/8739 दिनांक 30–01–2015 (संलग्नक–1) के माध्यम से नॉन स्टेट रजिस्ट्रार को जिला प्रशासन द्वारा इस सम्बन्ध में आयोजित बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु इनरोलमेंट एजेंसियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है तथा पत्र संख्याः ए–11016/6/2010/(आई/ए रजिस्ट्रार)/यू0पी0/यूआईडीएआई/एलकेओ/8697 दिनांक 30–01–2015 (संलग्नक–2) द्वारा जनपदों में कार्यरत नॉन स्टेट रजिस्ट्रार एवं उनकी इनरोलमेंट एजेंसियों की सूचना जिलाधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

10/2/15

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव।